<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 'फुटप्रिन्टस 2024' कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 4 मई, 2024। विश्वविद्यालय के रतन सिंह सभागार में आज दो–दिवसीय कार्यक्रम फुटप्रिन्टस 2024 का आयोजन सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के अन्तर्गत आने वाली संस्था ई–सेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिष्ठाता, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के लगभग 12 से 15 विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र जोकि उद्यमी है, ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कुलपति डा. एम.एस. चौहान ने नवाचार विचारों की सराहना की एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने स्टार्ट–अप को स्थापित करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजनों से अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श डा. एम.एस. नेगी ने सभी का स्वागत करते हुए ई–सेल व फुटप्रिंट के उद्देश्यों एवं आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपने नवाचार विचारों को कुलपति डा. एम.एस. चौहान एवं सभी जजों के समक्ष रखा एवं उन्होंने इन नवाचार विचारों की काफी सराहना की।

कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार